संक्षिप्त

धनसिंह तहसील अध्यक्ष बने

मालपुरा, (निसं)। राजपूत सभा मालपुरा तहसील इकाई के चुनाव रविवार को पर्यवेक्षक हनुमान सिंह

सोलंकी, रणजीत सिंह हाथीपुरा, जसवंत सिंह नरूका, वंश प्रदीप सिंह कुकड व गजेन्द्र सिंह की मौजूदगी में सम्पन्न हुए। जिनमें धनसिंह राजावत को लगातार दूसरी बार राजपूत समाज तहसील अध्यक्ष चुना गया। वहीं रावणा राजपूत समाज के हुए चुनाव में निर्वाचन अधिकारी रामसहाय नरूका के सानिध्य में हुई चुनाव प्रक्रिया में तथा छीतर सिंह कच्छावा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए चुनाव में किशन सिंह राठोड लावा को तहसील अध्यक्ष, महावीर सिंह कांटोली को सचिव, लक्ष्मण सिंह राठोड कोषाध्यक्ष, रामस्वरूप राठोड सांस को संगठन मंत्री व संरक्षक मंडल में कैलाश सिंह रावणा राजपूत, उपाध्यक्ष पद पर भंवर सिंह तंवर, सत्यनारायण गोलीपुरा, संतोष कंवर पचेवर, एडवोकेट गोरधन सिंह, गिर्राज दहिया,छोटु सिंह प्रतापपुरा व मिडिया प्रभारी सिताराम सिंह झाडली को चुना गया।

सुहाग दशमी पर पूजा की

टोंक, (निसं)। शहर के बड़ा तख्ता जैन मंदिर रविवार को सुहाग दशमी पर्व पर शांतिनाथ विधान मंडल का आयोजन हुआ, जहां सभी महिलाओं ने शांति विधान मंडल में पूजन कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की, विधान के अंदर 120 अर्घ्य समर्पित किए। सभी महिलाएं लहरिया साड़ी पहनकर उपस्थित हुईं, इस मौके पर महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए उपवास किए।

एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष का स्वागत

राजगढ़, (निसं)। भाजपा शहर मंडल की बैठक नसिया जी जैन मंदिर मेला का चौराहा पर मंडल अध्यक्ष एडवोकेट राहुल दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नवनियुक्त एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ श्याम सुंदर मीणा का राजगढ़ भाजपा मंडल की ओर से पार्टी का दुपट्टा पहना कर स्वागत व सम्मान किया गया। मीणा ने कहा की पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसे वह पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे एस टी समाज में पार्टी की रीति नीति को पहुंचाने का कार्य करेंगे तथा सभी आमजन के लिए व उनकी समस्याओं के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। उसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, पार्षद रूप नारायण मीणा व अन्य ने साफा पहनाकर मीणा का स्वागत किया।

भाजपा की समीक्षात्मक बैठक कल

टोंक, (नि.स.)। भारतीय जनता पार्टी टोंक की समीक्षात्मक बैठक 9 अगस्त मंगलवार को टोंक स्थित निजी महाविद्यालय पर होगी। जिसमें चितौडगढ सांसद सी. पी.जोशी का प्रवास रहेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराणा ने बताया कि भाजपा को सशक्त बनाने के लिए ,सभी कार्यक्रमों, अभियानों की समीक्षा करने के लिये,आगामी हर घर तिरंगा अभियान को सफल बैठकों का आयोजन किया गया है। जिसमें 9 बजे जिला समन्वय समिति बैठक, 10 बजे जिला बैठक रखी गयी हैं।

स्कॉलरशिप जागरूकता कार्यक्रम आज

टोंक, (निसं)। विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए जरूरी है कि पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ उनका उचित मार्गदर्शन हो। दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों को आगे किस क्षेत्र में करियर बनाना है और करियर बनाने में सरकारी व कारपोरेट की कौन कौन सी छात्रवृत्तियां सहायक हो सकती हैं। इस विषय में नि:शुल्क करियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों के लिए निश्चित तौर पर मील का पत्थर साबित होगा। दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल कैसे हो इसके लिए जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल के मार्गदर्शन में महिला अधिकारिता विभाग, शिक्षा विभाग व स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ मिलकर किशोरी सशक्तिकरण हेतु सकारात्मक पहल करते हुए करियर गाइडेंस कम मोटिवेशन व स्कालरशिप जागरूकता कार्यक्र शुरू किया है। जिसके अन्तर्गत प्रथम कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता विभाग द्वारा शिक्षा विभाग एक्शनएड व तरक्की आई फाउण्डेशन के सहयोग से 8 अगस्त को प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कृषि ओडिटोरियम में किया जायेगा। जहीर आलम ने बताया कि कार्यक्रम में राजकीय विद्यालयों की दसवीं व बारहवीं में अध्ययनरत 500 से अधिक छात्रायें भाग लेंगी।

हैंडपम्प खराब होने से लोगों को पेयजल के लिए हो रही परेशानी

चाकसू, (निसं)। पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए नगर पालिका क्षेत्र में प्रशासन द्वारा कई व्यवस्थाएं कर तो रखी हैं लेकिन समय पर देखभाल नहीं होने के कारण उसका कोई सार्थक अर्थ नहीं निकला रहा।

ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या

> ■ जिम्मेदारों का एक ही जवाब है कि जलदाय विभाग में सामान नहीं है

जस की तस बनी हुई है पालिका क्षेत्र स्थित नईतोढ़ की ढाणी, जीवनपुरा, लवाड़ी की ढाणी, खिरिया वाली ढाणी वार्ड 23 का एकमात्र हैंडपंप लगभग एक महीने से खराब है।

संबंधित विभाग को अवगत कराए जाने पर भी अभी तक हैंडपंप सुधारा नहीं गया हैजबकि उपरोक्त हैंडपंप वार्ड नंबर 23 की ढाणीयों में पीने के पानी का इक मात्र जरिया है लेकिन कोई सुध नहीं ले रहे जनता पानी के लिए परेशान हैं।

ग्रामीणों को कहना है कि जलदाय विभाग को लिखित में शिकायत दे चुके हैं इसके अलावा जलदाय विभाग ठेकेदार एवं जेईएन सैकड़ों बार फोन करके समस्या समाधान की मांग की जा चुकी है लेकिन जिम्मेदारों का एक ही जवाब होता है जलदाय विभाग में समान नहीं है सामान आएगा तब हैंडपंप सुधारा जाएगा।

लोगों को उन घरों से पानी भरकर लाना पड़ता है, जिनके यहां सबमर्सिबल लगा हुआ है या खर्चीले संसाधनों से जरूरतों को पूरा किया जा रहा है विद्युत आपूर्ति न होने पर सबमर्सिबल का भी सहारा टूट जाता है ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को स्वयं और पशुओं को पानी पिलाने के लिए मुसीबत का सामना करना पड़ता है।

नईतोढ़ की ढाणी, जीवनपुरा, लवाड़ी की ढाणी, खिरिया वाली ढाणी वार्ड 23 का एकमात्र हैंडपंप लगभग एक महीने से खराब है।

'जन-समस्याओं का निदान हो'

टोंक, (निसं)। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूर्व पार्षद एवं सदस्य दिशा कमेटी जिला टोंक के सदस्य ओमप्रकाश गुप्ता ने नगर परिषद आयुक्त अनिता खीचड़ को वाट्सएप के जरिये यह अनुरोध किया है कि लंबे समय से लम्बित जन-समस्याओं को निदान यथा शीघ्र किया जावे। गुप्ता ने बताया कि तालाब तेलियान विषय पर न्यायालय में लम्बित न्यायालय अवहेलना की कार्यवाही के होने के बावजूद ना तो तालाब की सफाई हो पा रही ना ही उसका सौन्दर्यकरण तथा किदवई पार्क के समीप की सार्वजनिक तालाई में जमा कीचड़ गन्दगी व इसके किनारे-किनारे अतिक्रमणों से पार्कों में आने-जाने वाले तथा आम राहगीर परेशान हैं। उन्होंने बताया कि बहीर स्थित सार्वजनिक शमशान में शौचालय स्नानघर तो नगर परिषद ने बनाये, लेकिन उन्हें आधा-अधूरा छोडने के कारण ने अनुपयोगी है, वहां पर दाहक्रिया का टीन शेड भी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो चुका है तथा ईधन का गोदाम भी प्रारंभ नहीं हो सका, शमशान जाने का आम रास्ता बिलायती बम्बूलों से घिरा है तथा क्षतिग्रस्त है।

नरसिंह नगर अध्यक्ष बने

निवाई, (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का नगर अभ्यास वर्ग सरस्वती विद्या मंदिर में संपन्न हुआ। अभ्यास में विभाग संयोजक धारासिंह गुर्जर का प्रवास रहा। जिला प्रमुख दीपेंद्र सिंह ने पुरानी कार्यकारिणी को दायित्व मुक्त कर नई कार्यकारिणी की घोषणा की। विभाग संयोजक धारासिंह ने कार्यकर्ताओं को संगठन की स्थापना काल की संगठन की रीति-नीति, कार्यपद्धति व इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में छात्र संघ के चुनाव के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें नगर अध्यक्ष नरसिंह गुर्जर, नगर मंत्री अभय मिश्रा, नगर सह मंत्री मनीषा वर्मा, भानुप्रताप सिंह, लक्ष्य शर्मा, नगर कार्यालय मंत्री चंद्रशेखर वर्मा, नगर एसएसडी प्रमुख हर्ष वैष्णव, नगर एसएफ डी प्रमुख जतिन पारीक, अमन पंडित नगर एसएफएस प्रमुख मनोज सैनी, नगर सह प्रमुख आशाराम सैनी, अनुराज चौधरी, नगर राष्ट्रीय कला मंच संयोजक हर्ष शर्मा, नगर राष्ट्रीय कला मंच संयोजक विक्रम चौधरी, नगर छात्रावास संयोजक मनीष मीणा, नगर छात्रावास संयोजक रामलाल मधुकर, नगर महाविद्यालय संयोजक राजेंद्र बैरवा, नगर सोशल मीडिया संयोजक हेमंत शर्मा व नगर कार्यकारिणी सदस्य के रूप में लोकेश चौधरी को शामिल किया हैं।

पीपलू-डिग्गी जाने वाला मार्ग क्षतिग्रस्त

निवाई, (निसं)। निवाई से रजवास होकर पीपलू-डिग्गी जाने वाला सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त होने से वाहन चालकों सहित राहगीरों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सत्यनारायण चौधरी, प्रेम प्रकाश शर्मा, विनोद चौधरी, शिवराज सिंह, प्रहलाद गुर्जर, किशन लाल जाट सहित कई ग्रामीणो ने बताया कि पिछले एक वर्ष से निवाई से रजवास होकर पीपलू-डिग्गी जाने वाले सडक मार्ग पर गहरे गड्ढे हो गए है।

जिसके चलते निवाई से पीपलू 22 किमी की दूरी तय करने में वाहन चालकों को तीन घंटे का समय लग रहा है। इन गड्ढों में बरसात का पानी भरने के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते हैं जिससे कई बार दुपहिया वाहन चालक गिरकर दुर्घटना का शिकार हो गए है। जिसको लेकर राहगीरों व ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इस मार्ग से इन दिनो रामदेवरा, डिग्गी कल्याण महाराज के जाने वाले पदयात्रियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

निवाई से रजवास होकर पीपलू-डिग्गी जाने वाले मार्ग में जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं।

युवती ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

फुलेरा, (निसं)। फुलेरा थाना क्षेत्र के ग्राम आकोदा में रविवार को प्रात: एक युवती ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। साथ ही एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि थाने पर मृतका के पिता ने मामला दर्ज करवाया कि प्रात: 8.30 बजे मेरे भाई ने मोबाइल से सूचना दी कि आपकी पुत्री ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की हैं। प्रात: आत्महत्या का प्रयास व आवाज आने पर उनकी बहन भागकर कमरे में आई तथा फंदे को चाकू से काटकर उसे नीचे उतारा। जब तक उसकी सांसे चल रही थी। इसके बाद फुलेरा सीएचसी पर लेकर आये तो यहां पर उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया हैं कि राहुल चौधरी निवासी श्योसिंहपुरा ख़ातियो की ढाणी ने मेरी पुत्री को परेशान करने की वजह से उसने आत्महत्या की हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कर दी है।

नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

देवली, (निसं)। नामदेव टांक क्षित्रय दर्जी समाज के द्वारा रविवार को निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 100 रोगियों की जांच की गई इनमें से 35 रोगियों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया गया। दर्जीयो की धर्मशाला में आयोजित शिविर में नीमच आई हॉस्पिटल बूंदी के चिकित्सकों द्वारा नेत्र रोगियों की जांच एवं उपचार किया गया है। शिविर का शुभारंभ नगर पालिका उपाध्यक्ष सौरभ जिंदल, वरिष्ठ पार्षद भीमराज जैन, व्यापार महासंघ अध्यक्ष चांदमल जैन एवं दर्जी समाज अध्यक्ष भंवरलाल डीडवानिया द्वारा फीता काटकर किया गया था। इस दौरान मुख्य अतिथियों ने नामदेव जी भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। तो वही कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। शिविर में समाज के द्वारका प्रसाद टेलर, मदनलाल डिडवानिया, हुकम चंद टेलर, सुरेंद्र डीडवानिया, राजेंद्र टेलर, अरुण डीडवानिया, राजेंद्र थारवान, सुरेश झांकल समेत कई समाज बंधुओं एवं समाजसेवी कन्हैया लाल लुनिवाल, अशोक दुबे ने इस कार्यक्रम में अपनी ओर से सेवाएं दी। समाज अध्यक्ष ने बताया कि शिविर में चयनित रोगियों को 9 अगस्त को बूंदी ले जाकर मोतियाबिंद ऑपरेशन करवाया जाएगा तथा वापस देवली लाकर छोड़ने तक की व्यवस्था समाज द्वारा की गई है।

एक वर्ष का कारावास

देवली, (निसं)। सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट देवली के न्यायाधिकारी लोकेश कुमार मीणा ने चेक अनादरण के एक मामले में अभियुक्त राजेंद्र सिंह को एक वर्ष के साधारण कारावास से दंण्डित किया है। साथ ही न्यायिक मजिस्ट्रेट लोकेश कुमार मीणा ने आदेश जारी किए कि अभियुक्त 65,250 रुपए प्रतिकर के रूप में परिवादी को प्रदान करे। जानकारी के अनुसार उक्त प्रकरण में परिवादी दुर्गालाल की ओर से पैरवी एडवोकेट अनिल कुमार भुरेठा द्वारा की गई एवं मुलजिम राजेंद्र सिंह की ओर से पैरवी एडवोकेट बंशीलाल कलवार द्वारा की गई थी।

घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक दुरुपयोग के खिलाफ कार्रवाई

टोंक, (निसं)। उपखंड अधिकारी टोंक के निर्देशानुसार रविवार को घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक दुरुपयोग के खिलाफ कार्यवाही की गई।

इस मौके पर टोंक तहसीलदार रामधन गुर्जर के साथ अग्रवाल प्रवर्तन अधिकारी जिला रसद कार्यालय टोंक धर्म चंद द्वारा जब्ती की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान हाईवे पर स्थित होटल चटकारा नॉनवेज से चार गैस सिलेंडर एवं लोहे की भट्टी रबर पाइप तथा होटल शीतल हाईवे से चार गैस सिलेंडर मय भट्टी जप्त किए गए।

इस प्रकार कुल 8 सिलेंडर जब्त किए गए जिनके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। जिला कलेक्टर के सख्त निर्देश हैं कि जिले में कहीं पर भी घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक कार्यों में दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए और फिर भी जो ऐसा कार्य करते हैं उनके खिलाफ रसद विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

चोरी की वारदात को अंजाम दिया

मालपुरा, (निसं)। बृजलाल नगर आवासीय कॉलोनी में शनिवार की रात चोर वृद्ध दम्पति गोपाल शर्मा के मकान को निशाना बना चोरी की वारदात को अंजाम दे फरार हो गये।

शनिवार की रात वृद्ध दम्पति मकान की बैठक में सो रहे थे। शातिर चोरों ने मकान के बाहर लगे बीलपत्र के पेड़ की सहायता से छत पर चढ़ सीढियों से मकान में प्रवेश करने के बाद कमरों में रखे दो बक्सों के ताले तोड दो दर्जन से अधिक बर्तन व एक दर्जन से अधिक कपडों की जोडी व एक छत का पंखा चुरा ले गये। चोरों ने मकान में लगी आटा पीसने की चक्की को भी ले जाने का भरकस प्रयास किया लेकिन विफल रहे। सवेरे जाग होने पर वारदात की मिली सुचना के बाद मालपुरा थाना पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच मौका पर्चा तैयार किया।

हनी ट्रैप मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

देवली, (निसं)। देवली शहर में चर्चित हनी ट्रैप के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच कर रहे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार बैरवा ने रविवार को एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार बैरवा ने बताया कि आरोपी बाबूलाल पुत्र जगदीश मीणा निवासी राजकोट है। पुलिस ने बताया कि एक मेडिकल व्यवसायी को हनीट्रैप में फंसाकर रुपए ऐंठने का आरोप बाबूलाल पर है। इस मामले में थाना अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा बताया कि इससे पहले उक्त प्रकरण में पुलिस ने जितेंद्र उर्फ जीतू रेगर तथा प्रकाश मीणा को गिरफ्तार किया जा चुका है। तो वही मेडिकल स्टोर संचालक के साथ हनी ट्रैप के मामले में बाबूलाल को तीसरे आरोपी के रूप में गिरफ्तार किया है।

आदिवासी मीणा समाज की 125 प्रतिभाओं को सम्मानित किया

नारायणपुर, (निसं)। क़स्बा स्थित पुरुषोत्तमदास आश्रम में रविवार को आदिवासी मीना सेवा समिति वालक्षेत्र द्वारा मीणा समाज का चतुर्थ प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह का शुभारंभ महामंडलेश्वर जनार्दनदास महाराज द्वारा मीन भगवान के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप जिला प्रमुख ललिता मीना, युवा बोर्ड सदस्य लोकेश मीणा, आईआरएस अर्जुन मीणा, पूर्व पार्षद जगदीश मीणा, एसआर मीणा आदि अतिथियों का आयोजकों द्वारा माला और साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। समारोह में मीना समाज के 110 मेधावी छात्र-छात्रा सहित 15 राजकीय सेवाओं में चयनित कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर छात्राओं द्वारा समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई । समारोह में मुख्य अतिथि अलवर उप जिला प्रमुख ललिता मीना ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है। उन्होंने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि होनहार छात्राओं को आगे बढने में समाज सहयोग करें और माता-पिता शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कार भी दे। इस मौके पर अतिथि अंजू जयसिंह मीणा, मोहन सिंह, नोडल अधिकारी मूलचंद मीना आदि ने प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को आगे बढने व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मंच संचालन कृष्ण मुरारी बडगांव ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष मातादीन मीणा, बुद्धराम मीणा, श्रवण लाल, पीटीआई सुमेर सिंह, मुरारी लाल, गिर्राज मीणा, अशोक ज्ञानपुरा, सीताराम, कमलेश, गेंदालाल सहित बड़ी संख्या में मीना समाज के लोग मौजूद थे।

पुरुषोत्तमदास आश्रम में आदिवासी मीना सेवा समिति वालक्षेत्र द्वारा मीणा समाज का चतुर्थ प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

'गांवों में डिजिटल सेवाएं मिलेंगी'

टोंक, (निसं)। डिजिटल की दुनिया में टोंक व सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र को भी एक नया मुकाम मिलने वाला है। सांसद जौनापुरिया के प्रयासों से अर्जित उपलब्धियों की सूची में डिजिटल समावेशन और कनेक्टिविटी के नाम पर टोंक व सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र के 53 गांवों (सवाई माधोपुर के 28 व टोंक के 25) की सूची भी जुड़ जाऐगी, जिसमें 4जी मोबाइल टावर लगाए जाएंगे।

सांसद सुखबीरसिंह जौनापुरिया ने पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्रिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टोंक-सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र के लिए यह बडी उपलब्धि है। डिजिटल समावेशन और कनेक्टिविटी सरकार के अंत्योदय दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंडल ने 27 जुलाई को देश भर के अछूते, कठीन और दूरस्थ गांवों में 4जी मोबाइल सेवाओं की संतृप्ति के लिए परियोजना को मंजूरी दी है। सांसद जौनापुरिया ने आमजन को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों जहां अभी भी 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी की समस्या व्याप्त है, जिससे राहत मिलेगी।

सार-समाचार

रक्षाबंधन पर्व मनाया

बहरोड़/नीमराना, (निसं)। पर्यावरण विकास मण्डल पार्क रोडवाल खण्ड नीमराना में पर्यावरण प्रेमी एवं खण्ड पर्यावरण सह संयोजक बृजानन्द यादव की प्रेरणा से रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। जिसमें शहीद नरेन्द्र कुमार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रोडवाल के समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर पौधारोपण कर तथा रक्षा सूत्र बांध कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा जयदीप, नैतिक, बृजानन्द, कंवर सिंह ,जयप्रकाश, संजय ,दीपू आदि को रक्षा सूत्र बांधे और समाजिक समरसता का संदेश दिया। सभी छात्राओं को उपहार दिया गया तथा उपहार पाकर तथा प्रकृति की गोद में विषेश रूप से रक्षा बंधन का त्योहार मनाकर सभी बच्चे खुश एवं उत्साहित रहे। इस अवसर पर व्याख्याता घनश्याम द्वारा पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। अन्त में प्रिंसिपल स्वाति पारीक द्वारा सभी आयोजकों एवं ग्रामवासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

श्री कृष्ण शोध संस्थान के लिए 40 लाख दिए

बहरोड़/नीमराना, (निसं)। राजस्थान प्रदेश के अहीर बाहुल्य राठ क्षेत्र बहरोड़ में रविवार को कचहरी रोड पर स्थित अहीर धर्मशाला में यादव समाज की सभा आयोजित की गई। जिसमें श्री कृष्ण शोध संस्थान जयपुर के निर्माण हेतु सुझाव रखते हुए राठ क्षेत्र के अहीर समाज के भामाशाहों द्वारा 40 लाख रुपए की राशि एकत्रित की गई। राठ क्षेत्र बहरोड़ के यादव समाज के अहीर बाहुल्य क्षेत्र के यादव भामाशाहों द्वारा इतनी बड़ी एकत्रित की हुई राशि को पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा बहरोड़ से सांसद रहे डॉक्टर करण सिंह यादव एवं श्री कृष्ण छात्रावास निर्माण समिति जयपुर राजस्थान को भेंट किया गया। इसी क्रम में अहीर रेजिमेंट की मांग को उठाते हुए अहीर रेजिमेंट के गठन का प्रस्ताव लिया गया। इस अवसर पर कांग्रेस सरकार में रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर करण सिंह यादव अध्यक्ष यादव महासभा राजस्थान, भारतीय जनता पार्टी के अलवर उत्तर जिला अध्यक्ष तथा राठ इंटरनेशनल स्कूल दूधेडा के निदेशक बलवान सिंह यादव, एडवोकेट बस्तीराम यादव प्रदेश सचिव यादव महासभा जयपुर, हरसहाय यादव कार्यकारी अध्यक्ष, डॉक्टर रामगोपाल, सुरेश यादव एडीएम, बहरोड नगरपालिका से कांग्रेस पार्षद तथा करण सिंह मार्केट के मालिक प्रदीप यादव बहरोड़, बहरोड़ विधानसभा से चुनाव मैदान में प्रत्याशी रहे डॉ रामचंद्र यादव, भारत यादव, अमित राठ, होशियार सिंह पंचायत समिति सदस्य सहित सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

2000 का इनामी बदमाश गिरफ्तार

चाकसू, (निसं)। कुछ माह पूर्व होटल में खाना खा रहे कालू उर्फ राजू के साथ लाठियों से मारपीट की थी जिसमें परिवादी के लड़के का काजिम की बीच-बचाव में मृत्यु हो गई थी तभी से मामले में आरोपी हरलाल गुर्जर फरार चल रहा था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। योगेश गोयल आईपीएस पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ने बताया कि आयुक्तालय के निर्देश से विभिन्न थाना क्षेत्रों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए दिशा निर्देश दिए गए थे। उक्त प्रकरण में भरत लाल मीणा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त

ओम प्रकाश पु. नि. एवं थानाधिकारी चाकसू के नेतृत्व में टीम गठित कर तक तलाशी अभियान चला कर अभियुक्त हरलाल गुर्जर को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी यशवंत सिंह यादव ने हत्या का आरोपी अभियुक्त 8 माह से फरारी काट रहा था अभियुक्त मुहाना थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है जिसके खिलाफ करीब 13 मुकदमे दर्ज हैं। प्रकरण में पूर्व में आठ अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी थी।

सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित

फुलेरा, (निसं)। स्थानीय पुलिस थाना परिसर में मोहर्रम एवं रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर सीएलजी सदस्यों की एक बैठक थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड़ की अध्यक्षता एवं सांभरलेक तहसीलदार हरिसिंह राव के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों से मोहर्रम एवं रक्षाबंधन का त्यौहार आपसी सौहार्द एवं भाई चारे से मनाने की अपील की। वहीं थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड़ ने कमेटी के सदस्यों से ताजिया निकलने वाले रास्तों सहित अन्य बिन्दुओं की जानकारी ली। इस अवसर पर दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा के अध्यक्ष अशोक वासदेव, पालिका नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक, पूर्व पालिकाध्यक्ष रतन राजौरा, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, व्यापार महासंघ के पूर्व अध्यक्ष सुबोध छाबड़ा, शेलेन्द्र शर्मा, भूतपूर्व सैनिक कमेटी के अध्यक्ष मनोज कुल्हरी, मधु वर्मा, सदाम हुसैन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

कावड़ यात्रियों से फुलेरा हुआ शिवमय

फुलेरा, (निसं)। रविवार को महादेव मण्डल के तत्वावधान में पंचम भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। मण्डल के अध्यक्ष मंगल चन्द सैनी ने बताया कि सांभरलेक स्थित पवित्र सरोवर देवयानी से दोपहर 1:15 बजे कावड़ यात्रा रवाना होकर इरोलाव, भादरपुरा होते हुए फुलेरा बस स्टैण्ड से गांधी चौक, गणगौरी बाजार होते हुए हलवाई बाजार स्थित कूकू बाबा की बगीची के शिवालय पर सायं 5:15 बजे पहुंची। जहां पर करीब 221 से अधिक कावड़ियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। तत्पश्चात सायं 7:15 बजे महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान धर्मप्रेमीयों ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर कावड़ यात्रा का स्वागत किया।

विद्युत कटौती से लोग परेशान

रींगस, (निसं)। शहर में पिछले कुछ दिनों से एक हिस्से में की जा रही विद्युत कटौती को लेकर आमजनों में रोष पनपने लगा है। विद्युत निगम कभी भी तीन चार घंटे से अधिक की कटौती कर लेता है। यही नहीं इसके बाद भी कटौती बीच में रूक रूक कर हो रही है। इससे आमजन तो परेशान है ही अब व्यापारी भी परेशान होने लगे हैं। विद्युत निगम नगर पालिका, तहसील, स्कूल, कॉलेज तथा सीटी बस स्टैण्ड, रामानन्द रोड, धायल अस्पताल रोड, भैरोजी मोड की दिन में अनेक बार कटौती कर रहा है। यहा एक साथ तीन से चार घंटे तक की कटौती हो रही है। जबकि इस हिस्से के अलावा अन्य हिस्सो में कटौती नहीं हो रही। इससे सभी का कार्य प्रभावित हो रहा है।

शव मिलने से सनसनी फैली

बस्सी, (निसं)। उपखंड बस्सी के कानोता थाना इलाके में रविवार दोपहर को रिंग रोड किनारे एक व्यक्ति का शव मिलने से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैली रही। बस्सी एसीपी मेघचंद मीणा ने बताया कि दोपहर को एक व्यक्ति के पुराना बगराना रिंग रोड किनारे पड़े होने की सूचना मिली थी जिसके बाद कानोता थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो व्यक्ति का मुंह खून से भरा पड़ा था और वह मृत अवस्था में था। इसके बाद 35 वर्षीय मृत व्यक्ति के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। फिलहाल व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाई है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। पुलिस को मृतक व्यक्ति के शव के पास ही एक लकडी का डंडा भी मिला है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच मे जुट गई है।

एनिकट में डूबने से किसान की मौत

मालपुरा/टोंक, (निसं)। टोडारायसिंह थाना क्षेत्र के देवपुरा गांव में एक एनिकट में डूबने से किसान की मौत हो गई। थानाधिकारी दातार सिंह ने बताया कि देवपुरा निवासी हीरालाल पुत्र छोटू गुर्जर जो कि अपनी भैंसों को निकालने के लिए एनिकट में उतरा। इस दौरान पानी गहरा होने के चलते हीरालाल पानी में डूब गया। शनिवार की देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन तलाश करते एनिकट पहुंचे तो वहां हीरालाल की जूते-चप्पल व लाठी देख एनिकट में डूबने के अंदेशे के बाद थाना पुलिस को सूचना दी। किसान की तलाश के लिए टोंक से एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद देर रात शव को बाहर निकाला।